श्री राम वनवास से आये | By Niharika Maheshwari

राम राम जय सीताराम जय राजाराम जय राम
राम राम जय सीताराम जय राजाराम जय राम

भरत ननिहाल से आये दोनों भैया
आये दोनों भैया घर आये दोनों भैया

कहाँ हमारे पिता गए हैं कहाँ हमारी मैया
कहाँ हमारे भाई गए हैं कहाँ गयी भौजइया

पिता तुम्हारे स्वर्ग गए हैं भीतर रोये मैया
भाई तुम्हारे वन गए हैं संग गयी भौजइया

राम बिना मोरी सूनी अयोध्या लक्ष्मण बिन ठकुरैया
सीता बिन मोरी सूनी रसोइया कौन करे चतुरइया

रावण मार राम घर आये घर घर बटे बधैया
मात कौशल्या करे आरती केकयी मन पछतैया

आगे आगे राम चलत हैं पीछे लक्ष्मण भैया
उनके बीच में चले जानकी शोभा वरणी ना जइया
श्री राम वनवास से आये दोनों भैया
प्रभु राम वनवास से आये दोनों भैया
आये दोनों भैया घर आये दोनों भैया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b5%e0%a4%a8%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b8-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a5%87-by-niharika-maheshwari/